# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद

## प्रिलिम्स के लिये:

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद

## मेन्स के लिये:

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (National Human Rights Commission- NHRC) की भूमिका और कार्य, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद का महत्त्व

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बालासोर ट्रेन हादसे को लेकर ओडिशा सरकार से कार्रवाई रिपोर्ट की मांग की है।

- इसके साथ ही भारत ने हाल ही में **संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद** में पेश एक मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें पवित्र कुरान के अपमान के कृत्य की निंदा की गई।
- **'भेदभाव, शत्रुता या हिंसा को बढ़ावा देने वाली धार्मिक घृणा का मुकाबला"** शीर्षक वाले मसौदा प्रस्ताव को **बांग्लादेश, चीन, क्यूबा, मलेशिया, पाकिस्तान, कतर, यूक्रेन और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों से समर्थन** प्राप्त हुआ है। यह प्रस्ताव **धार्मिक घृणा के कृत्यों की निंदा पर बल देता है और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून के अनुसार, इस संदर्भ में जवाबदेही** का आह्वान करता है।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग:

- **परिचय:**
  - यह व्यक्तियों के **जीवन, स्वतंत्रता, समानता और सम्मान से संबंधित अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।**
    - भारतीय संविधान द्वारा गारंटीकृत अधिकार और भारतीय न्यायालयों द्वारा लागू किये जाने योग्य अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध।
- **स्थापना:**
  - मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम (PHRA), 1993 के तहत **12 अक्तूबर, 1993 को स्थापित** किया गया।
  - **मानवाधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2006** और मानवाधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019 द्वारा संशोधित किया गया।
  - **पेरिस सिद्धांतों** के अनुरूप स्थापित, मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा के लिये अपनाया गया।
- **संघटन:**
  - आयोग में **एक अध्यक्ष, पाँच पूर्णकालिक सदस्य और सात मानद सदस्य** होते हैं।
  - अध्यक्ष भारत का पूर्व मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश होता है।
- **नियुक्ति और कार्यकाल:**
  - **छह सदस्यीय समिति** की अनुशंसा पर राष्ट्रपति द्वारा **अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति** की जाती है।
    - समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा का उपाध्यक्ष, संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता और केंद्रीय गृह मंत्री शामिल हैं।
  - **अध्यक्ष और सदस्य तीन वर्ष की अवधि के लिये** या **70 वर्ष की आयु तक** पद पर बने रहते हैं।
- **भूमिका और कार्य:**
  - न्यायिक कार्यवाही के साथ **सिविल न्यायालय की शक्तियाँ** रखता है।
  - मानवाधिकार उल्लंघनों की जाँच हेतु केंद्र या राज्य सरकार के अधिकारियों या जाँच एजेंसियों की सेवाओं का उपयोग करने का अधिकार है।
  - यह घटित होने के **एक वर्ष के भीतर मामलों** की जाँच कर सकता है।
  - इसका कार्य मुख्यतः अनुशंसात्मक प्रकृति का होता है।
- **सीमाएँ:**
  - आयोग कथित मानवाधिकार उल्लंघन की तारीख से एक वर्ष के पश्चात् किसी भी मामले की जाँच नहीं कर सकता है।
  - सशस्त्र बलों द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों में सीमित क्षेत्राधिकार।
  - निजी पक्षों द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों में कार्रवाई करने का अधिकार नहीं है।

## संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद:

- **परिचय:**
  - यह [संयुक्त राष्ट्र](#) का एक **अंतर-सरकारी निकाय** है जो **विश्व भर में मानवाधिकारों** को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने के लिये ज़िम्मेदार है।
  - इसे वर्ष 2006 में **संयुक्त राष्ट्र महासभा** द्वारा **मानवाधिकार पर पूर्व संयुक्त राष्ट्र आयोग** के स्थान पर स्थापित किया गया।
  - **मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (OHCHR)** का मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है।
- **सदस्यता:**
  - इसमें संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा चुने गए **47 संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश** शामिल हैं।
  - विभिन्न क्षेत्रों को आवंटित सीटों के साथ समान भौगोलिक वितरण पर आधारित सदस्यता।
  - **सदस्य तीन वर्ष  के कार्यकाल** के लिये कार्य करते हैं और लगातार दो वर्ष के कार्यकाल के बाद तत्काल पुन: चुनाव के लिये पात्र नहीं होते हैं।
- **प्रक्रियाएँ और तंत्र:**
  - **[संयुक्त राष्ट्र की सार्वभौमिक सामयिक समीक्षा (UPR)](#)** संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों में मानवाधिकार स्थितियों का आकलन करती है।
  - सलाहकार समिति विषयगत मानवाधिकार मुद्दों पर विशेषज्ञता और सलाह प्रदान करती है।
  - शिकायत प्रक्रिया व्यक्तियों और संगठनों के मानवाधिकार उल्लंघनों को परिषद के ध्यान में लाने की अनुमति देती है।
  - संयुक्त राष्ट्र की विशेष प्रक्रियाएँ देशों में मानवाधिकार की स्थिति के विशिष्ट विषयगत मुद्दों की निगरानी और रिपोर्ट करती हैं।
- **समस्याएँ:**
  - सदस्यता की संरचना चिंता उत्पन्न करती है, क्योंकि मानवाधिकारों के हनन के आरोपी कुछ देशों को इसमें शामिल किया गया है।
  - इज़रायल जैसे कुछ देशों पर असंगत फोकस (Disproportionate Focus) की आलोचना की गई है।
- **भारत की भागीदारी:**
  - वर्ष 2020 में **भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यूनिवर्सल पीरियोडिक रिव्यू (UPR)** प्रक्रिया के तीसरे दौर के एक भाग के रूप में इसे प्रस्तुत किया।
  - **भारत को 1 जनवरी, 2019 से शुरू होने वाली तीन वर्ष की अवधि हेतु** परिषद के लिये चुना गया था।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**□□□□□□□□□□:**

**प्रश्न. मौलिक अधिकारों के अलावा भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (1948) के सिद्धांतों और प्रावधानों को दर्शाता है या प्रतिबिंबित करता है? (2020)**

1. प्रस्तावना
2. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
3. मौलिक कर्तव्य

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित पर विचार कीजिये: (2011)**

1. शिक्षा का अधिकार
2. सार्वजनिक सेवा तक समान पहुँच का अधिकार
3. भोजन का अधिकार

**उपरोक्त में से कौन-सा/से "मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा" के अंतर्गत मानवाधिकार है/हैं?**

**(a)** केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**स्रोत: द हिंदू**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-human-rights-commission-and-un-human-rights-council